U.S. Small Business Administration

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

COVID-19 आर्थिक क्षति आपदा ऋण (EIDL)

1. आर्थिक क्षति आपदा ऋण (EIDL) और पेचेक संरक्षण कार्यक्रम (पीपीपी) के मध्य क्या अंतर है?

	 **आर्थिक क्षति आपदा ऋण (EIDL)**	 **पेचेक संरक्षण कार्यक्रम अब उपलब्ध नहीं**
विवरण	SBA का दीर्घकालिक प्रत्यक्ष ऋण कार्यक्रम	देश भर में लगभग 5,500 ऋणदाताओं के माध्यम से ऋण
उद्देश्य	उन वित्तीय दायित्वों और परिचालन खर्चों को पूरा करना जो अगर आपदा नहीं आता तो पूरा हो सकता था।	श्रमिकों को पेरोल पर रखने के लिए छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया।
राशि उपलब्ध	छह महीने की कामकाजी पूँजी	$10 मिलियन तक
शर्तें	3.75% एपीआर (फिक्स्ड): व्यापार 2.75% एपीआर (फिक्स्ड); गैर लाभकारी संस्थाएं 30 वर्ष	1% 2 वर्ष या 5 वर्ष, ऋण कब स्वीकृत किया गया था इस पर निर्भर
संपार्श्विक	$25,000 से ऊपर की ऋण के लिए आवश्यक	कोई संपार्श्विक आवश्यक नहीं
निजी ज़मानत?	$200,000 के ऊपर की ऋण के लिए निजी ज़मानत आवश्यक	आवश्यक नहीं
माफ़ी योग्य?	नहीं बिना किसी पूर्व भुगतान जुर्माना के किसी भी समय ऋण चुकाया जा सकता है।	माफ़ किया गया यदि सभी कर्मचारी प्रतिधारण मानदंडों को पूरा करते हैं और योग्य खर्चों के लिए धन का उपयोग किया जाता है। **यदि उधारकर्ता को EIDL अग्रिम प्राप्त हुआ** है, तो SBA को EIDL अग्रिम की राशि से उधारकर्ता की ऋण माफी राशि को कम करना होगा। विवरण ऑनलाइनSBA.gov/PaycheckProtection. पर उपलब्ध है
पहला भुगतान	पहले भुगतान में देर किया गया; आप अगर चाहें तो भुगतान कर सकते हैं। SBA फॉर्म 1201 उधारकर्ता भुगतान को Pay.govपर पूरा और जमा करें।	कर्जदार ऋण माफी के लिए कब अनुरोध करता है इस आधार पर भुगतान कुछ समय के लिए टाल दिया जाएगा।
आवेदन करें	ऑनलाइन आवेदन करें	**अब उपलब्ध नहीं** नवीनतम जानकारी के लिए SBA.gov/PaycheckProtection देखें।

2. क्या मैं COVID-19 EIDL और पीपीपी दोनों के लिए आवेदन कर सकता हूँ?

हाँ। उधारकर्ता पीपीपी और EIDL दोनों के लिए आवेदन कर सकते हैं, हालांकि दोनों से फण्ड का उपयोग एक ही उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता है।

- पेचेक संरक्षण कार्यक्रम ऋण के लाभ का उपयोग योग्य उद्देश्यों के लिए मार्गदर्शन के अनुसार किया जाना चाहिए और यदि ठीक से उपयोग किया जाता है तो कुछ या सभी ऋण माफ किए जा सकते हैं। **पीपीपी ऋण बनाने का अधिकार समाप्त हो गया है और नए पीपीपी ऋण अब उपलब्ध नहीं हैं।** नवीनतम जानकारी के लिएऑनलाइन देखें।
- EIDL फंड का उपयोग कामकाजी पूंजी और सामान्य परिचालन खर्चों जैसे स्वास्थ्य देखभाल लाभ, किराया, यूटिलिटीज़, निश्चित ऋण भुगतानों की निरंतरता के लिए किया जा सकता है।
- ध्यान दें कि जिन व्यवसायों को पीपीपी ऋण **के अलावा** EIDL एडवांस प्राप्त हुआ है उन व्यवसायों को अपने पीपीपी ऋण की माफी राशि में से EIDL अग्रिम की राशि घटानी होगी।

3. COVID-19 EIDL फंड्स का उपयोग किस काम से किया जा सकता है? और वह पीपीपी फंड्स से कैसे अलग है?

EIDL लाभ का उपयोग कामकाजी पूंजी की व्यापक श्रेणी और सामान्य परिचालन खर्चों जैसे स्वास्थ्य देखभाल लाभ, किराया, उपयोगिताएँ और निश्चित ऋण भुगतानों की निरंतरता के लिए किया जा सकता है।

पेचेक संरक्षण कार्यक्रम ऋण लाभ का उपयोग केवल योग्य पेरोल लागतों और कुछ ख़ास योग्य गैर पेरोल लागतों जिनका वर्णन कार्यक्रम दिशानिर्देश में है में ही किया जा सकता है। यह ऋण माफ़ किया जा सकता है यदि सभी कर्मचारी प्रतिधारण मानदंडों को पूरा करते हैं और योग्य खर्चों के लिए धन का उपयोग किया गया हो।

3 वर्षों में खर्च किए गए ऋण के सभी फंड्स की प्राप्तियां और अनुबंधों को रखें।

4. COVID-19 EIDL के लिए योग्य कौन है?

आवेदक को शारीरिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका या नामित क्षेत्र में स्थित होना चाहिए और कामकाजी पूंजी का नुकसान कोरोनोवायरस महामारी के कारण न कि अर्थव्यवस्था में मंदी या अन्य कारणों से हुआ रहना चाहिए। योग्य आवेदकों में शमिल हैं:

- 500 या कम कर्मचारियों वाले व्यवसाय या SBA.gov/SizeStandards के अनुसार जो छोटे हैं
- 500 या कम कर्मचारी वाली सहकारी समितियां


- 500 या कम कर्मचारी वाले कृषि उद्यम
- सबसे अधिक निजी गैर लाभकारी संस्थाएं
- मत-आधारित संगठन
- एकल स्वामित्व और स्वतंत्र ठेकेदार

अयोग्य व्यवसायों में वह शामिल हैं जिनकी गतिविधियां गैर क़ानूनी है, जिनका लोन पैकेजिंग, अनुमान, मल्टी-सेल्स डिस्ट्रीब्यूशन, जुआ, निवेश या उधार देने का काम है।

5. क्या होगा यदि मैं अमेरिकी नागरिक नहीं हूँ लेकिन मेरा व्यापार COVID-19 EIDL के अन्य सभी मानदंडों को पूरा करता है?

वह गैर-अमेरिकी नागरिक जो 20% या अधिक व्यापार का मालिक है इसका पात्र है कि उन्हें "गैर-निवासी नागरिक" या "योग्य विदेशी" के तौर पर वर्गीकृत किया जाए। योग्य विदेशियों में वर्तमान ग्रीन कार्ड वाले स्थायी निवासी हैं। **SOP 50 30 9**, **परिशिष्ट 7** देखें।

6. COVID-19 के लिए आर्थिक क्षति आपदा ऋण (EIDL) प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है?



यदि स्वीकृत	यदि अस्वीकृत
ऋण दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने के लिए आवेदकों को भेजा गया ईमेल *अपने रिकॉर्ड के लिए एक प्रति डाउनलोड करना न भूलें।*	ईमेल से अस्वीकृति पत्र भेजा गया
5-10 कार्य दिवसों के भीतर बैंक खाते में लोन के लाभ ट्रांसफर किए जाते हैं।	आवेदक अस्वीकृति पत्र की तारीख के 6 महीने के भीतर लिखित में पुनर्विचार का अनुरोध कर सकता है। यहाँ भेजें: **ईमेल:** pdcrecons@sba.gov **मेल:** U.S. Small Business Administration Disaster Assistance Processing & Disbursement Center 14925 Kingsport Road Fort Worth, Texas 76155 *अस्वीकृति के कारण को दूर करने के लिए अपना आवेदन नंबर और आवश्यक जानकारी शामिल करें।* अस्वीकृति के कारण के आधार पर प्रक्रिया अलग-अलग होगी।
3 वर्षों में खर्च किए गए ऋण के सभी फंड्स की प्राप्तियां और अनुबंधों को रखें।	
Pay.gov के माध्यम से भुगतान करें **या** भुगतान मेल करें: U.S. Small Business Administration 721 19th Street Denver, CO 80202 **मेल किए गए भुगतान पर, यह शामिल करें:** • व्यवसाय का नाम • उधारकर्ता का नाम • कर ID/EIN या SSN • आवेदन-पत्र संख्या	

7. मैं अपने आवेदन की स्थिति कैसे देख सकता हूँ?

आवेदकों को आवेदन की समीक्षा करने, पात्र ऋण राशि का चयन करने और अंतिम समीक्षा जमा करने के लिए ग्राहक पोर्टल पर लॉग-इन करने के लिए एक आमंत्रण प्राप्त होगा। यदि ऋण को मंजूरी नहीं दी जाती है, तो आवेदक को ऋण अस्वीकृति के विस्तृत कारण के साथ एक ईमेल अधिसूचना प्राप्त होगी, जिसमें निर्णय के विरुद्ध अपील करने के निर्देश शामिल होते हैं। स्थिति की जाँच करने के लिए ग्राहक सेवा से संपर्क करें: 1-800-659-2955.

8. मुझे प्रारंभिक ऋण का कोट प्राप्त हुआ है। क्या इसका अर्थ है कि मुझे स्वीकृति मिल गयी?

नहीं, वह बस ऋण का आकलन है कि आप इसे प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं। ऋण का कोट प्राप्त होने के बाद:

1. अपने SBA लोन पोर्टल पर लॉग इन करें
2. अधिकतम कोट तक यह चुनें कि आप अपनी ऋण राशि कितनी चाहते हैं
3. **सबमिट बटन** को क्लिक करना याद रखें

एक बार वह पूरा होने के बाद आपका आवेदन अंतिम समीक्षा चरण के लिए चला जाएगा। अतिरिक्त जानकारी जमा करने के लिए लोन ऑफिसर आपसे संपर्क कर सकते हैं। कृपया जल्दी से जवाब दें ताकि आपका आवेदन प्रोसेस किया जा सके।

9. मुझे ऋण प्राप्त हुआ, मैं भुगतान कैसे करूँ?

SBA फॉर्म 1201 उधारकर्ता भुगतान Pay.gov पर पूरा करके ऑनलाइन भुगतान सेटअप करें। .

यदि आप मेल से भुगतान पसंद करते हैं तो उन्हें यहाँ भेजें:

U.S. Small Business Administration
721 19th Street
Denver, CO 80202

मेल किए गए भुगतानों पर, शामिल करना याद रखें:

- व्यवसाय का नाम
- उधारकर्ता का नाम
- कर ID/EIN या SSN
- आवेदन या लोन नंबर

10. मेरा एक बिज़नेस पार्टनर है लेकिन वह COVID-19 EIDL आवेदन पर शामिल नहीं होना चाहता/चाहती।. फिर भी क्या मैं आवेदन कर सकता हूँ?

सभी 20% या अधिक मालिकों को आवेदन में शामिल किया जाना आवश्यक है और आवेदन पर विचार किए जाने के लिए कम से कम 81% स्वामित्व ज़रूरी है।

11. मुझे यदि स्वीकृत राशि से ज़्यादा चाहिए तो क्या करना होगा?

COVID-19 EIDL में 6 महीने की कामकाजी पूँजी तक की राशि बढ़ा कर सुधार की जा सकती है। लोन स्वीकार कर के पहले या बाद में बढ़ोतरी का आग्रह किया जा सकता है। यदि आवेदक को तुरंत फण्ड चाहिए तो दी जाने वाली अधिकतम राशि का ऋण स्वीकार कर ले और अतिरिक्त दस्तावेज़ दे कर बढ़ोतरी का आग्रह करे।

यदि आपका ऋण स्वीकार किया गया और राशि में बढ़ोतरी चाहिए तो विषय में 'INCREASE' लिख कर pdcrecons@sba.gov पर ईमेल भेजें जिसमें आप स्पष्ट करें कि आपको ऋण की राशि में इतनी बढ़ोतरी चाहिए। कोई भी अतिरिक्त जानकारी शामिल करें जिससे हमें आपके आवेदन के लिए बढ़ोतरी पर विचार करने में सहायता मिल सके। *उदाहरण के लिए:*

1. आपके हस्ताक्षरित IRS फॉर्म 4506-T के साथ आपके व्यापार का सबसे नया फ़ेडरल टैक्स रिटर्न
2. अपडेटेड वित्तीय जानकारी (कुल आय, बेचे गए सामान का मूल्य, ऑपरेशन की लागत या भारपाई के दुसरे उपाय) के लिए, फॉर्म 3502जमा करें।

12. मुझे यदि स्वीकृत राशि जितना की आवश्यकता नहीं है तो क्या करना होगा?

क्या आपको ऋण का प्रारंभिक कोट प्राप्त हुआ है?	1. अपने SBA लोन पोर्टल पर लॉग इन करें 2. अधिकतम कोट तक यह चुनें कि आप अपनी ऋण राशि कितनी चाहते हैं 3. **सबमिट बटन** को क्लिक करना याद रखें
प्रत्यक्ष जमा के माध्यम से पहले से प्राप्त फंड्स?	SBA के नाम चेक बनाएं और एक नोट जिसमें यह स्पष्ट हो कि फंड्स EIDL, एडवांस या दोनों पर लागू होना चाहिए या नहीं के साथ भेज दें और इसमें यह जोड़ें: • व्यवसाय का नाम • उधारकर्ता के नाम • कर ID या SSN • ऋण संख्या
चेक के माध्यम से पहले से प्राप्त फंड्स?	**यदि चेक जमा नहीं हुआ है** तो इसके ऊपर VOID लिख कर चेक को नीचे के पता पर भेजें। *इसमें यह जोड़ें:* • व्यवसाय का नाम • उधारकर्ता के नाम • कर ID या SSN • आवेदन-पत्र संख्या
यहाँ भेजें:	U.S. Small Business Administration 721 19th Street Denver, CO 80202

13. मेरा कई व्यापार है। क्या मैं एक से अधिक COVID-19 EIDL आवेदन दे सकता हूँ?

हाँ, आप प्रति योग्य व्यापार एक आवेदन दे सकते हैं। लेकिन, कम से कम 81% मालिकाना आवेदन के लिए ज़रूरी है।

14. मुझे COVID-19 EIDL के लिए अस्वीकृत कर दिया गया। इस अस्वीकृति के क्या कारण हो सकते हैं?

अस्वीकृति के कारण आवेदक के अनुसार अलग अलग हो सकते हैं। अस्वीकृति के सबसे सामान्य कारण हैं:

- **असंतुष्ट क्रेडिट हिस्ट्री।** क्योंकि EIDL सरकारी ऋण है, फ़ेडरल संगठन को आवेदकों की पात्रता के लिए न्यूनतम क्रेडिट मानकों का पूरा करना ज़रूरी होगा।
- **संदिग्ध जानकारी।** यदि कोई आवेदक लोन ऑफिसर के अतिरिक्त जानकारी मांगे जाने के 7 दिन के भीतर जवाब नहीं देता है तो उनका आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। अपना आवेदन दोबारा सक्रीय कराने के लिए पुनःविचार का आग्रह करें।
- **अयोग्य गैर-अमेरिकी नागरिक स्थिति** आवेदक को अमेरिकी नागरिक, गैर-निवासी नागरिक या योग्य विदेशी होना ज़रूरी है। अधिक जानकारी के लिए **SOP 50 30 9**, **परिशिष्ट 7** देखें।
- **व्यापारिक गतिविधि योग्य नहीं।**
- **आर्थिक क्षति सत्यापित नहीं।** इस अस्वीकृति के दो संभव कारण हैं: 1) आर्थिक क्षति EIDL अग्रिम के लिए प्राप्त राशि से कम है; या
  2) प्रस्तुत जानकारी में आर्थिक क्षति का संकेत नहीं है।
- **चरित्र कारण।** आवेदक अस्वीकृत हो सकते हैं यदि पिछले पांच वर्षों में उन्हें किसी गुंडागर्दी का दोषी ठहराया गया है, या कभी भी किसी भी उत्पाद या सेवा के उत्पादन या वितरण में उन्हें पाया गया हो जो सक्षम न्याय अधिकार के न्यायालय द्वारा अश्लील निर्धारित किया गया हो; या जो वर्तमान में संघीय सरकार के साथ अनुबंध करने या संघीय अनुदान या ऋण प्राप्त करने से निलंबित या वंचित किए गए हों और / या जिन पर वर्तमान में कोई अभियोग, आपराधिक सूचना, अपराध का मामला हो या जिन पर अन्य तरीके से किसी भी अधिकार क्षेत्र में औपचारिक आपराधिक आरोप लगाए जा सकते हैं।
- **जवाब देने में असफल।** यदि आवेदक अतिरिक्त जानकारी की मांग करने वाले ईमेल का जवाब नही देते या ऋण के अंतिम दस्तावेजों पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो आवेदन 60 दिनों के भीतर सामान्य रूप से समाप्त हो जाएगा।

15. क्या मैं दोबारा विचार का आग्रह कर सकता हूँ यदि मेरा COVID-19 EIDL आवेदन अस्वीकार हो जाता है?

आवेदक के पास दोबारा विचार कराने का आग्रह करने के लिए कम से कम 6 महीने होते हैं। दोबारा विचार कराने का आग्रह यहाँ भेजें:

ईमेल	pdcrecons@sba.gov
मेल	U.S. Small Business Administration Disaster Assistance Processing and Disbursement Center 14925 Kingsport Road Fort Worth, Texas 76155

कोई भी अतिरिक्त जानकारी जोड़ें जो आपके आग्रह में हमारी मदद कर सकती हो। यदि अस्वीकृति पत्र में दोबारा विचार करने के लिए विशेष जानकारी या दस्तावेज़ मांगी गयी हो तो आपको उन आइटम को शामिल करना ज़रूरी है:

इन्हें जोड़ना याद रखें:

- व्यवसाय का नाम
- उधारकर्ता का नाम
- कर ID/EIN या SSN
- आवेदन/लोन नंबर

अस्वीकृति के कारण के आधार पर प्रक्रिया अलग-अलग होगी।

उदाहरण:

आवेदक को SBA से अपना COVID-19 EIDL ऋण आवेदन पत्र के लिए प्राप्त होता है जिस पर अस्वीकृति का कारण '*आर्थिक क्षति सत्यापित नहीं*' लिखा है। यह कारण आम है जब किसी आवेदक के आवेदन पत्र पर उनकी स्वयं प्रमाणित वित्तीय जानकारी, जैसे कि सकल आय के आंकड़े और महामारी से पहले के बारह (12) महीने में बेचे गए माल का मूल्य आर्थिक क्षति को स्पष्ट नहीं करता है या जानकारी को खाली छोड़ दिया गया हो सकता है।

दोबारा विचार करने का व्यापार मालिक का अनुरोध निम्नलिखित को जोड़ते हुए लिखित ईमेल/पत्र अनुरोध होना चाहिए:

- आवेदक का एक लिखित नोट जिसमें उनके अस्वीकृत COVID- 19 EIDL ऋण आवेदन पर पुनर्विचार का अनुरोध हो, जिसमें आवेदन संख्या, व्यवसाय / इकाई का नाम, मालिकों के नाम और व्यवसाय का पता शामिल हो।

- सभी शेड्यूल के साथ COVID-19 महामारी से पहले के व्यापार के सबसे नए फ़ेडरल टैक्स रिटर्न की प्रति
- व्यापारिक निकाय का पूरा और हस्ताक्षर किया गया IRS फॉर्म 4506-T
- व्यापारिक अकाउंट के लिए निरस्त चेक की प्रति
- (पुनर्विचार के SBA की प्रोसेसिंग पर) SBA अतिरिक्त जानकारी का अनुरोध कर सकता है, जिसमें SBA फॉर्म 3502 - EIDL की सहायक जानकारी शामिल हो सकती है

16. यदि मुझे पहले ही COVID-19 EIDL प्राप्त हो गया है और नागरिक अशांति के कारण प्रभावित हूँ तो क्या अधिक फंड्स की मांग की जा सकती है?

यदि आप ऐसे क्षेत्र में हैं जहाँ आपदा घोषित है और जहाँ नागरिक अशांति और आपदा जैसे बाढ़, आंधी से नुकसान, जंगली आग या भूकंप भी हैं तो आपके घर, निजी संपत्ति और/या व्यवसाय के नुक़सान को कवर करने के लिए आप अतिरिक्त SBA आपदा ऋण के पात्र हो सकते हैं।

यह देखने के लिए कि क्या आपके क्षेत्र में कोई आपदा घोषित है disasterloan.sba.gov देखें।

SBA के COVID-19 राहत कार्यक्रम जैसेकि पीपीपी और EIDL कोरोना वायरस महामारी के चलते होने वाले वित्तीय नुकसान के लिए हैं, यह नागरिक अशांति या अन्य आपदा के कारण होने वाले शारीरिक या वित्तीय नुकसान के लिए नहीं हैं।

17. मेरा पहले से पीपीपी और COVID-19 EIDL है और मेरा व्यापार अब तक COVID की बंदी के प्रभाव से नहीं उबरा है, तो क्या मैं किसी और अन्य ऋण के लिए पात्र हूँ?

यदि आपके व्यवसाय को COVID-19 के कारण पीपीपी ऋण या EIDL सहायता प्राप्त हुई है, और यहां तक कि आपके पास पिछली आपदा के कारण एक और SBA आपदा ऋण है, तो भी आप अपने समुदाय में घोषित आपदा से हुए नुकसान के लिए नए SBA आपदा ऋण के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं।

18. अगर मुझे नागरिक अशांति या प्राकृतिक आपदा के कारण एक और आपदा ऋण मिलता है, तो क्या मेरे COVID-19 EIDL के साथ यह नया ऋण समेकित हो सकता है? या क्या इसका उपयोग मेरे द्वारा COVID-19 EIDL का भुगतान करने में हो सकता है?

नहीं। प्रत्येक SBA आपदा ऋण एक अलग ऋण है, इन्हें समेकित नहीं किया जा सकता न ही इनका उपयोग पहले के ऋण के भुगतान में किया जा सकता।

यदि आप अपने क्षेत्र में एक अलग घोषित आपदा के कारण एक और SBA आपदा ऋण के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं, तो नए ऋण का उपयोग आपके ऋण समापन दस्तावेजों में सूचीबद्ध उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए, जिसमें कामकाजी पूंजी या शारीरिक क्षति की भरपाई शामिल हो सकती है। इसका उपयोग COVID-19 सहित पिछले आपदा घटनाओं के मौजूदा SBA आपदा ऋणों को पुनर्वित्त या भुगतान करने के लिए नहीं किया जा सकता है।

ऋण के 3 वर्ष में खर्च किए गए सभी फंड्स की प्राप्तियां और अनुबंधों को रखें ताकि आप हर ऋण के लिए फंड्स के उपयोग का दस्तावेज़ीकरण कर पाएं।

19. यह देखते हुए कि मेरा व्यवसाय अभी तक COVID शटडाउन से नहीं उबर पाया है, मैं पुनर्भुगतान से कैसे निपटूंगा?

COVID-19 ऋण के लिए भुगतान 1 वर्ष के लिए स्वचालित रूप से स्थगित कर दिए जाते हैं। आपदा ऋण जो पहले से ही COVID-19 से पहले हुई आपदाओं के लिए पुनर्भुगतान की स्थिति में हैं, दिसंबर 2020 तक स्थगित कर दिए गए हैं। नागरिक अशांति और अन्य आपदा के लिए **नए आपदा ऋण** भी स्वतः ही 1 वर्ष के लिए टाल दिए गए हैं।

यदि आप किसी नए आपदा ऋण के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं, तो आप अनुरोध कर सकते हैं कि वित्तीय कठिनाई में मदद करने के लिए SBA आपके अन्य ऋण भुगतानों के स्थगन को और बढ़ा दे।

20. नागरिक अशांति या अन्य आपदा ऋण के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया COVID- EIDL प्रक्रिया से अलग कैसे है?

यदि आपका SBA आपदा ऋण के साथ एकमात्र अनुभव COVID-19 के EIDL कार्यक्रम के साथ रहा है, तो आप घोषित आपदाओं जैसे कि नागरिक अशांति या अन्य आपदाओं की प्रक्रिया को अलग पाएंगे।

- *दो सहायता कार्यक्रम हैं:*

  शारीरिक क्षति के ऋण जो किसी घोषित आपदा में क्षतिग्रस्त हुई भौतिक संपत्तियों की मरम्मत और उसके बदलने को कवर करते हैं जो बीमा द्वारा कवर नहीं किए जाते हैं।

  आर्थिक क्षति के ऋण घोषित आपदा के बाद छोटे व्यापार चलाने के खर्चों को कवर करते हैं।

- *आवेदन प्रक्रिया अलग है:*

  disasterloan.sba.gov पर आवेदन करें

संपार्श्विक और बीमा आवश्यकताओं सहित COVID-19 कार्यक्रम की तुलना में पात्रता और ऋण की आवश्यकताएं अलग हैं। यदि सुरक्षित है, तो इन ऋणों के लिए आपकी संपत्ति पर वैध अधिकार और बाढ़, ख़तरे और / या तूफान के बीमा के साक्ष्य की आवश्यकता हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए SBA.gov/Disaster पर जाएं।

आपदा सहायता एक नज़र में

सहायता के प्रकार	उधारकर्ता	उद्देश्य	अधिकतम राशि
व्यापार ऋण	व्यापार और निजी गैर लाभकारी संस्थाएं	अचल संपत्ति, इन्वेंट्री, उपकरण आदि की मरम्मत करना या बदलना	$2 मिलियन
आर्थिक क्षति ऋण (COVID-EIDL)	छोटे व्यवसाय, कृषि संबंधी चिंताएँ, निजी गैर-लाभकारी संस्थाएँ और धार्मिक संस्थाएँ	कामकाजी पूँजी *(कृषि संबंधी समस्याओं के परिचालन के खर्चे और गैर लाभकारी संस्थाएं)*	6 महीने की कामकाजी पूँजी *(कृषि संबंधी समस्याओं के परिचालन के खर्चे और गैर लाभकारी संस्थाएं)*
आर्थिक क्षति के ऋण (अन्य सभी आपदा)	छोटे व्यापार और निजी गैर लाभकारी संस्थाएं	कामकाजी पूँजी	$2 मिलियन
मिलिट्री रिज़र्विस्ट आर्थिक क्षति आपदा ऋण (MREIDL)	सैन्य रिज़र्व सैनिक के छोटे व्यापार जिन्हें सक्रीय ड्यूटी का आदेश मिला	कामकाजी पूँजी	$2 मिलियन
होम लोन - मरम्मत	घर के मालिक	प्राथमिक आवास की मरम्मत या बदलाव, नुक़सान जो बीमा द्वारा कवर नहीं है	$200,000
होम लोन - निजी संपत्ति	घर के मालिक और किराएदार	निजी संपत्ति की मरम्मत या उसका बदलना जो बीमा द्वारा कवर न हो	$40,000
राहत	व्यापार, निजी गैर लाभकारी संस्थाएं और घर के मालिक	इसी प्रकार के भावी नुक़सान को कम करना / रोकना	सत्यापित शारीरिक नुक़सान की 20% तक की बढ़ोतरी। $200,000 तक सीमित घर के मालिक।